# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

www.avadhkaawaz.com

www.avadhkaawaz.com

वर्ष–10 अंक–153 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ शुक्रवार 3 सितम्बर 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया


## बाढ़ और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जिले में भेजें नोडल अफसर: योगी

लखनऊ, (वेबवार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को टीम–9 की बैठक में कोविड व्यवस्था की समीक्षा की। इसके साथ ही संक्रमण से फैलने वाली बीमारियों से बचाव हेतु स्वच्छता अभियान चलाए जाने और



कोरोना से मश्तक कर्मचारियों के परिजनों को सरकारी सेवा में समायोजन करने समेत अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्तमान में बारिश के कारण गड्ढों व निचले स्थानों में जलभराव से बीमारियों के फैलने का खतरा रहता है। कई क्षेत्रों में डेंगू के मरीज सामने आए हैं। मलेरिया के केस बढ़ सकते हैं। ऐसे में साफ–सफाई का बड़ा महत्व है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पूरे प्रदेश में वृहद अभियान चलाए जाने की जरूरत है। सभी जिलों के लिए एक–एक नोडल अधिकारी भेजा जाए। ये अधिकारी बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की भी मॉनीटरिंग करेंगे। आशा, संगिनी, आंगनबाड़ी समेत सभी संबंधित कर्मियों को सक्रिय किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ग्राम्य विकास, नगर विकास, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य और मेडिकल एजुकेशन विभाग अंतर्विभागीय समन्वय के साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा का विशेष अभियान चलाया जाए। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो। लोगों को पानी उबाल कर व छान कर पीने की जानकारी दें। क्लोरीन की गोलियां वितरित की जाएं। पंचायती राज और नगर विकास विभाग द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में भी स्वच्छता–सैनीटाइजेशन का कार्य कराया जाए। यह सभी कार्य मिशन मोड में सभी 75 जिलों में तत्काल प्रारम्भ कर दिए जाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना के कारण असमय काल–कवलित हुए कार्मिकों के परिजनों के साथ शासन की पूरी सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि अधिकांश आश्रितों को सेवायोजित किया जा चुका है, फिर भी जो केस अभी लंबित हैं, उन पर तत्काल निर्णय लें। इसमें कतई विलंब न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। कोविड की ताजा स्थिति के मुताबिक प्रदेश के 21 जिलों में एक्टिव केस शून्य हैं। अलीगढ़, अमेठी, अयोध्या, बागपत, बांदा, बस्ती, बिजनौर, चित्रकूट, देवरिया, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, हरदोई, ललितपुर, महोबा, मऊ, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, शामली, सुल्तानपुर में आज कोविड का एक भी मरीज नहीं है। यह जिले आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। औसतन हर दिन ढाई लाख टेस्ट हो रहे हैं, जबकि पॉजिटिविटी दर 0.01 प्रतिशत बनी हुई है। रिकवरी दर 98.7 फीसदी है। विगत 24 घंटे में हुई टेस्टिंग में 63 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया। राज्य के 12 जिलों में इकाई अंक में मरीज पाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 258 है। यह अतिरिक्त सतर्कता और सावधानी बरतने का समय है। थोड़ी सी लापरवाही बड़ी समस्या का कारक बन सकती है। भविष्य की आवश्यकता के दृष्टिगत प्रदेश में ऑक्सीजन प्लांट स्थापना अभियान स्वरूप में की जा रही है। जिला प्रशासन इन प्लांट्स के स्थापना कार्य की सतत मॉनिटरिंग करें। इन प्लांटों के संचालन के लिए आईटीआई से प्रशिक्षित 332 युवाओं को जिम्मेदारी दी गई है। स्थानीय स्तर पर पैरामेडिक्स व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया जाए। बहुत जल्द उत्तर प्रदेश ऑक्सीजन उत्पादन के पैमाने पर आत्मनिर्भर होगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसानों, व्यापारियों और अन्य छोटे उपभोक्ताओं के बिजली बकाये के एकमुश्त समाधान के लिए जल्द एक नई योजना शुरू की जाए। विभागीय मंत्री के साथ विचार–विमर्श कर एकमुश्त समाधान की व्यावहारिक योजना दो दिवस के भीतर प्रस्तुत की जाए। राज्य सरकार बिजली बिल उपभोक्ताओं के हित का संरक्षण करने के लिए संकल्पित है। बावजूद इसके कई जिलों से बिजली बिल में ओवरबिलिंग और फाल्स बिलिंग की शिकायतें आई हैं। फाल्स बिलिंग और ओवर बिलिंग के एक भी केस न आए। तकनीक की मदद से इसका स्थायी समाधान निकाला जाए। किसी भी दशा में उपभोक्ताओं का उत्पीड़न न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से कटकर व्यक्ति की दर्दनाक मौत, रेलवे की दिखी संवेदनहीनता

अवध की आवाज ब्यूरो

गोंडा ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई दुर्घटना में व्यक्ति और साइकिल के टुकड़े हो गए जिसे देखकर स्टेशन पर हड़कंप मच गया यह घटना या घटना करनैलगंज रेलवे स्टेशन की है जहां सुबह 6रू35 पर वैशाली ट्रेन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जब कि लगभग 3 घंटे तक रेलवे ट्रैक पर चोपड़ा रहा किसी भी कर्मचारी द्वारा शव को नहीं ढका गया ना ही शव को ट्रक से हटाया गया इस प्रकार से यह रेलवे कर्मचारियों द्वारा मानव संवेदनहीनता और लापरवाही का प्रतीक है जबकि करनैलगंज के स्टेशन मास्टर मोहम्मद फुरकान ने कहा सुबह से 35 पर लोको पायलट ने बताया इसके बाद जीआरपी और आरपीएफ को बताया गया ट्रेन दुर्घटना में मरे व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है रेलवे पुलिस की टीम में से एक व्यक्ति के पंचनामा के बाद विधिक कार्यवाही में लगी है

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए, गौ सुरक्षा को मौलिक अधिकार बनाया जाए

आवध की आवाज ब्यूरो

गोंडा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने और गौ सुरक्षा को मौलिक अधिकार बनाने के लिए सुझाव दिया है।कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान के आर्टिकल 48 में गौ हत्या पर रोक को संघ सूची में रखने के बजाए राज्य सूची में रख दिया गया और यही कारण है कि भारत के कई राज्यों में गौकशी पर रोक नहीं है। जस्टिस शेखर कुमार यादव ने ये टिप्पणी संभल के गौकशी के एक आरोपी की जमानत रद्द करते हुए अपने आदेश में कही है। 12 पन्ने के आदेश में अदालत ने गाय की उपयोगिता और भारतीय संस्कृति गाय के स्थान की चर्चा की है और बताया है कि मुगल शासकों से लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और तमाम धर्म गुरुओं तक ने गौकशी का विरोध किया है। अदालत ने कहा है कि हिन्दू धर्म के अनुसार गाय में 33 कोटि देवता निवास करते हैं। ऋग्वेद में गाय को अघन्या, यजुर्वेद में गौर अनुपमेय, अथर्ववेद में सम्पत्तियों का घर कहा गया है।अदालत ने कहा कि भगवान कृष्ण को सारा ज्ञान गौचारणों से ही मिला है। भगवान राम के पूर्वज राजा दिलीप नंदिनी गाय की पूजा करते थे। भगवान शंकर के वाहन नंदी गाय वंशज ही थे। तीर्थंकर भगवान रामदेव का चिन्ह बैल है। गुरु वशिष्ठ ने गाय के कुल का विस्तार किया था। बाल गंगाधर तिलक ने कहा कि चाहे मुझे मार डालो पर गाय पर हाथ न उठाओ। रसखान ने कहा कि दोबारा जन्म हो तो मैं नंद की गाय बनूं। बाबर, हुमायूं और अकबर ने अपने धार्मिक त्योहारों पर गाय की बलि पर रोक लगायी। मैसूर के नवाब हैदर अली ने गौहत्या को दंडनीय बनाया। मौलाना मोहम्मद अली, शौकत अली, हाकिम अजमल खान मौलाना अब्दुल बारी ने गौकशी का विरोध किया। सूफी ख्वाजा हसन निजामी ने तर्क–ए–गौकशी नाम की किताब में गौ हत्या का विरोध किया।

## एक्टर और बिग बॉस विनर सिद्धार्थ शुक्ला का हार्ट अटैक से निधन

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। टीवी की दुनिया के जाने माने अभिनेता और बिग बॉस विनर सिद्धार्थ शुक्ला का गुरुवार को निधन हो गया है। मुंबई के कूपर अस्पताल में सिद्धार्थ के निधन की पुष्टि की है। 40 वर्षीय सिद्धार्थ शुक्ला को हार्ट अटैक के बाद गुरुवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई। बता दें कि सिद्धार्थ शुल्का को टीवी सीरियल बालिका वधु से पॉपुलैरिटी मिली थी। उसके बाद उन्होंने वो दिल से दिल तक सीरियल में भी नजर आए। वहीं, सिद्धार्थ ने हम्टी शर्मा की दुल्हनिया फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसी के साथ ही बिग बॉस 13 से उन्हें बहुत ज्यादा प्रसिद्धि मिली। उनकी जोड़ी को पंजाबी एक्ट्रेस शहनाज गिल के साथ काफी पंसद किया गया। दोनों हाल ही में बिग बॉस ओटीटी में भी नजर आए थे। सिद्धार्थ शुक्ला का जन्म 12 दिसंबर 1980 को मुंबई के हिंदु ब्राहम्ण परिवार में हुआ था। अपने मॉडलिंग के दिनों में ही उन्होंने अपने पिता को खो दिया था।




## प्रधान मंत्री आवास योजना के गरीब लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से सम्बधित दी जानकारी

अवध की आवाज, ब्यूरो

गोण्डा। नगर पंचायत सभागार में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पात्रता की श्रेणी में आये गरीब लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंप कर सरकारी योजनाओं से सम्बधित जानकारी दी गयी। गुरुवार को नगर पंचायत मनकापुर के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रता की श्रेणी में आए गरीब व जरूरतमंद लाभार्थियों को आवास योजना से लाभवान्तित करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। और उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। नगर पंचायत सभागार में मोहल्ला गांधी नगर निवासी अतुल पुत्र देवीदीन, रंगीलाल, राजाराम मोरिया समेत आधे दर्जन गरीब जरूरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रमाण पत्र मिलते ही गरीबों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मनकापुर प्रदीप कुमार गुप्ता, मोहल्ला गांधी नगर सभासद राजेश कुमार मौर्य ,मोहल्ला शास्त्री नगर सभासद वैभव सिंह ,मोहल्ला सुभाष नगर सभासद प्रतिनिधि बबलू सोनी , सौरभ सिंह, राजू सिंह, विष्णु देव, नितिन जयसवाल, अशोक सिंह, समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



## टीबी रोगियों की खोज कर इलाज शुरू करने पर पूरा जोर - डीटीओ

### क्षय रोग के खात्मे को समय–समय पर चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम

अवध की आवाज, ब्यूरो

लखनऊ। टीबी (क्षय रोग) के खात्मे को लेकर 'टीबी हारेगा – देश जीतेगा' के उद्देश् से जनपद में जन आन्दोलन चलाया जा रहा है। इसके तहत जनपद में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जहाँ टीबी रोगियों की पहचान की गयी वहीं इससे बचाव और उन्मूलन को लेकर प्रचार–प्रसार और कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. अनिल कुमार चौधरी ने दी। डॉ. चौधरी ने बताया– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया है। क्षय रोग उन्मूलन को लेकर जिले में जनांदोलन चलाया जा रहा है ताकि लोग क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़ें और इसके प्रति जागरूक हों। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया दृ जनांदोलन के तहत कार्यस्थलों को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से कारखानों/निर्माण इकाइयों पर टीबी जागरूकता को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा इन जगहों पर टीबी जागरूकता से सम्बंधित प्रचार प्रसार सामग्री का प्रदर्शन किया गया। संचारी रोग नियंत्रण माह/दस्तक अभियान के तहत 30 टीबी रोगियों को खोजकर उनका इलाज शुरु किया गया व् जागरूकता फैलाई



गयी। एक जनवरी से 31 अगस्त तक कांटेक्ट ट्रेसिंग के द्वारा कुल 7780 क्षय रोग के लक्षण युक्त लोगों की पहचान की गई। जियो टैगिंग के माध्यम से न केवल मरीज के घर का पता आसानी से लगाया जा सकता है बल्कि जांच टीमें भी आसानी से मरीज के घर पहुँच जाती हैं। इसके माध्यम से यह पता चल जाता है किन क्षेत्रों में टीबी रोगी ज्यादा हैं। इससे उन क्षेत्रों में सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान में विशेष ध्यान दिया जा सकेगा। डा. चौधरी ने बताया– जिले में अति संवेदनशील 100 मलिन बस्तियों में क्षय रोग की जाँच के लिए शिविर लगाये गए जिनमें 42 क्षय रोगियों की पहचान हुई और सभी का इलाज शुरू कर दिया गया है। यह जनांदोलन आगे भी चलता रहेगा और इसके तहत जागरूकता व क्षय रोगियों की पहचान के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती रहेंगी।

## चित्रकला एवं क्राफ्ट कला प्रतियोगिता का 09 सितम्बर को होगा पुरस्कार वितरण

अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में मिषन षक्ति की प्रभारी स्निग्धा चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि प्रदेष सरकार द्वारा महिला सषक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देष्य से चलाये जा रहे मिषन षक्ति के तृतीय चरण के तहत प्राधिकरण द्वारा चित्रकला एवं क्राफ्ट कला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में 692 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया था। निर्णायकों द्वारा चयनित पुरस्कार विजेताओं को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा दिनांक 09 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 01:00 बजे प्राधिकरण नवीन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर के 11वें तल पर स्थित सभागार में पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि प्रदर्षनी में इनोवेटिव पाठषाला, जष्न फाउण्डेषन, परवरिष स्कूल तथा कला एवं षिल्प महाविद्यालय की बालिकाओं द्वारा भी कष्तियाँ लगाई गई थी। इन बालिकाओं को भी पुरस्कष्त किया जायेगा।

## वाहनों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम हेतु संघन अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश

अवध की आवाज, ब्यूरो

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट, लखनऊ के पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा ध्वनि प्रदूषण, प्रेशर हार्न, हूटर तथा मॉडीफाइड साइलेंसर आदि के विरूद्ध संघन अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन में लगे पुलिस विभाग के सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। वाहनों विशेषतया मोडिफाईड साईलेन्सरयुक्त मोटरसाइकिलों द्वारा उत्पन्न किये जाने वाले ध्वनि प्रदूषण को नियमानुसार निवारित कराये जाने तथा उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी विधिक कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि वाहनों में लगे अनाधिकृत मॉडीफाइड साइलेंसर आदि विशेष रूप से बुलेट मोटर साइकिल इत्यादि द्वारा उत्पन्न किये जाने वाले ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध ई–चालान की कार्यवाही के साथ–साथ मॉडीफाइड साईलेंसर्स को हटाये जाने की कार्यवाही कड़ाई से सुनिश्चित की जाय। वाहन चालको एवं आम जनमानस में इस संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार कर जन–जागरूकता विकसित किये जाने के लिए भी कहा गया है।

## प्रदेश के समस्त भरण पोषण प्राधिकरणों में 11 सितम्बर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

अवध की अवाज

लखनऊ। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 11 सितम्बर 2021 को प्रदेश के सभी भरण पोषण प्राधिकरणों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव, गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा इस संबंध में प्रदेश के समस्त जिला अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकध्पुलिस अधीक्षक, चारो पुलिस आयुक्तों तथा अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात को आवश्यक निर्देश भेजे गये है। निर्देशो मे कहा गया है कि उक्त लोक अदालत की सफलता हेतु वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के अधीन समझौते के आधार पर निपटाये जाने योग्य मामलों, वादो, अपीलों को चिन्हित किया जाय। साथ ही प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में वादकारियों को आदेशिकाओं एवं समन की तामील कराये जाने के सम्बन्ध में व्यवस्थित प्रणाली विकसित की जाय। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण और कल्याण नियमावली–2014 के अन्तर्गत निर्धारित दायित्वों के क्रम में उक्त नियमावली के अधीन गठित प्रदेश के समस्त भरण–पोषण प्राधिकरणों में आगामी 11 सितम्बर को यह राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। यह भी निर्देश दिये गये है कि कोविड–19 की परिस्थितियों के दृष्टिगत यदि उपरोक्त पूर्व आयोजित बैठकों में वादकारियों के बीच सुलह समझौता हो जाय, तो उन्हे लोक अदालत में प्रतिभाग हेतु न बुलाया जाय। वादकारियों के मध्य पारस्परिक समझौते के लिए अधिकतम प्रयास किये जाय। प्रस्तावित लोक अदालत में मामले के निस्तारण से पूर्व न्यूनतम 2 या 3 तिथियों पर माध्यस्थमध्सुलहध्समझौते हेतु बैठके आयोजित कर ली जाय तथा इस राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जाए।

## अखिलेश को चाचा शिवपाल की नसीहत, माफियाओं के लिए न खोलें सपा के दरवाजे

लखनऊ (वेबवार्ता)। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव ने माफियाओं के लिए समाजवादी पार्टी के दरवाजे न खोलने की नसीहत दी है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के संस्थापक शिवपाल यादव ने कहा कि माफियाओं के परिवार के सदस्य भी पार्टी में नहीं लिए जाने चाहिए। शिवपाल ने दावा किया जब वह समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे तो ऐसे लोगों को कभी भी पार्टी में आने की इजाजत नहीं दी गई थी। गौरतलब है कि शिवपाल यादव ने अपने भतीजे अखिलेश यादव से मतभेदों के चलते पार्टी छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी खुद की पार्टी बनाई। उन्होंने कहा, 'माफिया कभी भी समाजवादी पार्टी में नहीं आए। उन्हें अब भी नहीं लिया जाना चाहिए। मैंने भी किसी को नहीं लिया था। जब मैं सपा का प्रदेश अध्यक्ष था तो कोई माफिया हमारे पास नहीं फटकने पाया। हमने मुख्तार अंसारी को कभी नहीं लिया।' बुधवार की शाम पत्रकारों से बातचीत में शिवपाल सिंह यादव ने ये बातें तब कहीं जब उनसे डॉन से अपराधी बने मुख्तार अंसारी के भाई सिबगतुल्लाह अंसारी के सपा में शामिल होने को लेकर सवाल किया गया। उन्होंने कहा, 'मैंने सिबगतुल्लाह अंसारी और अफजाल अंसारी को सपा में लिया था लेकिन बाद में उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी।' अखिलेश यादव 2016 में दोनों को पार्टी में लिए जाने के खिलाफ थे। उधर, भाजपा ने भी मुख्तार अंसारी के भाई को पार्टी में लिए जाने को लेकर अखिलेश यादव पर यह कहते हुए हमला बोला कि सपा माफियाओं की मदद के बिना चल ही नहीं सकती। क्या वह सपा में लौट सकते हैं? इस सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि यदि मुझे उचित सम्मान मिलेगा तो समाजवादी परिवार में लौटने के बारे में सोच सकता हूं। उन्होंने यूपी की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले साढ़े चार साल के कार्यकाल में प्रदेश में भ्रष्टाचार पांच गुना बढ़ गया है।



# सम्पादकीय

## आज के समय में शिक्षकों की प्रासंगिकता

भारतीय सभ्यता में गुरुओं को ईश्वर से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है। हमारे धर्म शास्त्र वेद पुराणों में गुरु की महिमा का बखान किया गया है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान बहुत ही आदरणीय है। गुरु ज्ञान और शिष्य को जोडने का एक पुल है। गुरु अपने ज्ञान रूपी अमृत से शिष्य के जीवन में साक्षरता से लेकर उसके सर्वांगीण विकास को हर स्तर पर दिशा ही नहीं देता, बल्कि शिष्य के जीवन में धर्म और चरित्र जैसे बहुमूल्य गुणों को भी सिंचित करता है। उसके जीवन को सही दिशा व अर्थ प्रदान करता है। पौराणिक काल से ही गुरु ज्ञान के प्रसार के साथ समाज के विकास का बीड़ा उठा रहे हैं। गुरु अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाने वाला सशक्त माध्यम होता है। शिक्षा ही एक ऐसा दीपक है, जिसकी लौ में न केवल व्यक्ति के अंदर निहित शक्तियों का विकास होता है, बल्कि किसी भी राष्ट्र का निर्माण व विकास होता है। विश्व के अन्य देशों से शिक्षार्थी हमारे गुरुकुलों, नालंदा, विक्रमशिला आदि में, विद्यार्जन करने आते थे। भारत को विश्व स्तर की इस ख्याति तक ले जाने का कार्य गुरुओं ने किया है। इसी कारण भारतीय समाज में शिक्षकों को सम्मान का विशेष दर्जा सदियों से रहा है। शिक्षाविद और देश के दूसरे राष्ट्रपति श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि यदि उनका जन्मदिन मनाना ही है तो वह शिक्षकों के सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाए। वे स्वयं एक शिक्षक थे और और बेहतर राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण मानते थे। उन्होंने विश्व मानचित्र पर भारतीय दर्शन को सम्मान का दर्जा दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई। शिष्य के मन में सीखने की इच्छा को जो जागृत कर पाते हैं, वही शिक्षक कहलाते हैं। शिक्षक के द्वारा व्यक्ति के भविष्य को बनाया जाता है एवं शिक्षक ही वह सुधार लाने वाला व्यक्ति होता है।

प्राचीन भारतीय मान्यताओं के अनुसार शिक्षक का स्थान भगवान से भी ऊंचा माना जाता है, क्योंकि शिक्षक ही हमें सही या गलत के मार्ग का चयन करना सिखाता है। शिक्षक आमतौर से समाज को बुराई से बचाता है और लोगों को एक सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बनाने का प्रयास करता है। इसलिए हम कह सकते हैं कि शिक्षक अपने शिष्य का सच्चा पथ प्रदर्शक है। आज के इस तकनीकी से लैस युग में शिक्षक का कार्य क्षेत्र बहुत व्यापक हो चुका है। देश व समाज को नई पीढ़ी से बहुत ज्यादा अपेक्षाएं हैं। सामान्य रूप से गुरु और शिक्षक में यह अंतर है कि गुरु कोई भी हो सकता है। आध्यात्मिक गुरु, किसी कला विशेष का, किसी तकनीकी या किसी और क्षेत्र का। यह भी आवश्यक नहीं कि वह किताबी ज्ञान से संपन्न हो। जो अंतः ज्ञान के प्रकाश से आलोकिक कर दे, बस वही गुरु है या जिस संदर्भ में शिष्य को ग्रहण किया है, उसको भली–भांति शिक्षा दे। लेकिन आधुनिक अर्थों में शिक्षक का अर्थ केवल वह है जो विद्यार्थी को पढ़ा दे, अच्छे अंकों में सफलता दिलवा दे। आज लगभग शिक्षक के इसी स्वरूप को देखा जा रहा है जो कतई भी सही नहीं है। समय के साथ–साथ व्यवस्था बदली। हम कभी मनन करते हैं और पाते हैं कि समाज में शिक्षकों की गरिमा का ह्रास हुआ है। वैसे तो दूसरे व्यवसाय में लगे लोगों की गरिमा में भी ह्रास दिखाई देता है, लेकिन शिक्षकों के संदर्भ में यह अधिक चिंता का विषय है।

क्योंकि शिक्षक हमारे संविधान की आत्मा की प्राप्ति में समता, समानता, न्याय पर आधारित समाज के निर्माण और विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। स्कूल यदि वंचित बच्चों को शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, तो क्या इसके लिए मुख्य रूप से दोषी शिक्षक ही हैं या पूरा शिक्षा तंत्र? सिखाने वाले गुरु के प्रति सम्मान प्राकृतिक है। जब एलकेजी या यूकेजी के स्तर के बच्चे को उसका शिक्षक गलती से 2 जमा 2 पांच सिखा दे तो घर में उस बच्चे के मां–बाप 2 जमा 2 चार नहीं कर पाते, क्योंकि बच्चे को अपने अध्यापक पर ज्यादा विश्वास होता है। माता–पिता अपने बच्चे के साथ घर में कहते हैं कि वे अध्यापकों के साथ उसकी शिकायत कर देंगे, ऐसा कह कर कई चीजें सिखाते हैं, कई गलत आदतों को अध्यापकों के साथ कह देंगे, ऐसा कहकर सुधार करते हैं। इसके मूल में डर या भय नहीं है, बल्कि बच्चा अध्यापक के सम्मान के साथ–साथ, अध्यापक की नजर में अपने आप को भी अच्छा रखना चाहता है। यह बहुत आवश्यक है कि गुरु–शिष्य के पवित्र रिश्ते की समझ की गरिमा को कम न होने दिया जाए। अभिभावक यदि अध्यापक का उपहास करेंगे तो बच्चा भी अध्यापक को कुछ नहीं समझेगा और न ही उससे कुछ सीख पाएगा। बच्चा जैसे–जैसे बड़ा होता है, उसे अध्यापक के व्यवहार में कथनी व करनी के अंतर को समझने के लिए कोई समय नहीं लगता।

वह उस अमुक अध्यापक के प्रति अपनी धारणा भी बना लेता है। सही आदर्शवादी अध्यापक का, किसी बच्चे के सिर पर रखा हाथ उसे जीवन में कहीं से कहीं पहुंचा देता है। गुरु के स्मरण और वंदन की परंपरा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रही है। आषाढ़ महीने की पूर्णिमा तिथि गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाई जाती है। गुरु को सश्ष्टा ब्रह्मा, पालक विष्णु और संहारकर्ता महेश्वर ही नहीं, बल्कि 'परम ब्रह्म परमेश्वरस्य भी स्वीकार किया गया है। इस तरह गुरु को स्मरण करते हुए गुरु की उस व्यापक भूमिका को रेखांकित किया गया है जो एक अबोध मनुष्य को रूपांतरित करते हुए सक्षम और योग्य आकार देता है। आज के युग में जब औपचारिक शिक्षा जीवन का मुख्य कार्य बन चुकी है, गुरु की महत्ता और बढ़ गई है। जीवन की जटिलता बढने के साथ–साथ गुरु की भूमिका भी नए आयाम प्राप्त कर रही है। उसके लिए जरूरी कुशलताओं की सूची भी व्यापक हो रही है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय भाषा, ज्ञान, कला और स्थानीयता पर बल देते हुए 21वीं सदी के उपयुक्त कौशलों के विकास के लिए एक सशक्त, कर्मठ, समर्पित अध्यापक श्रश्ंखला तैयार करने की आवश्यकता है। उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखना देश के विकास व उन्नति के लिए आवश्यक है।

# अखिल भारतीय कायस्थ जागृति मंच का उत्तर प्रदेश का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। उत्तर प्रदेश जिले के कानपुर महानगर निवासी प्रखर समाजसेवी एक युवा के रूप में कायस्थ समाज का गौरव बढ़ाने वाले श्री गिरजेश निगम जी उर्फ



लाला भाई को अखिल भारतीय कायस्थ जागृति मंच उत्तर प्रदेश का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया जाता है। गुरुवार को संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष/ संयोजक सचिन श्रीवास्तव श्सचश ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी और उम्मीद जताई कि गिरजेश निगम (लाला भाई) जी अपने प्रभाव वाले कार्य क्षेत्र में संगठनात्मक कार को मजबूती देंगे साथ ही अखिल भारतीय कायस्थ जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्द संयोजक सचिन श्रीवास्तव श्सचश ने सितंबर माह के प्रारंभ में ही राष्ट्रीय स्तर सहित प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति से गिरिजेश निगम जी को मनोनीत किया गया है। आज देश के सबसे बड़े राज्य के सबसे क्रांतिकारी जिले कानपुर महानगर से उन्होंने संगठन की कड़ी में गिरजेश निगम (लाला भाई) जी की नियुक्ति की घोषणा करते हुए आशा व्यक्त की है कि अपनी नियुक्ति से प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने अनुभव का लाभ संस्था को अवश्य प्रदान करेंगे। गिरजेश निगम लाला भाई जी की नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव , उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव ,राष्ट्रीय सचिव सुमित श्रीवास्तव , रितिक निगम , शिखर श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव , मोहित श्रीवास्तव समेत अखिल भारतीय कायस्थ जागृति मंच परिवार के सभी सदस्यो ने उनको फोन के माध्यम से बधाई दी।

# बरेली में खुदाई के दौरान बगल का मकान ढहा, दो मजदूरों की मौत

बरेली, (वेबवार्ता)। बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के मुख्य बाजार में बेसमेंट के लिए हो रही खुदाई के समय उसके बगल में बना दो मंजिला भवन ढहने से मलबे में दबकर दो मजदूरों की मौत हो गयी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख जताते हुए प्रभावित लोगों को हर सम्भव मदद देने के निर्देश दिये हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के मुख्य बाजार में साहूकारा निवासी दीपक गोयल अपनी पुरानी दुकानों को तोड़वाकर बेसमेंट बनवा रहे थे। बुधवार शाम खुदाई के दौरान पड़ोस में बना दो मंजिला भवन ढह गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में बेसमेंट में काम कर रहे मजदूर शकील (25), धर्मेंद्र (25) और जाहिद (30) के साथकृसाथ दुकानदार कृष्ण अवतार और उसका नौकर सक्षम मलबे में दब गए। कृष्ण अवतार और सक्षम अपनी दुकान की पहली मंजिल पर थे इसलिए लोगों ने उन्हें तत्काल बचा लिया। मलबे में दबे बाकी लोगों को बचाने का काम शुरू हुआ। सूत्रों ने बताया कि दमकल के कर्मियों और तीन थानों के पुलिसकर्मियों ने बचाव अभियान शुरू किया लेकिन सफलता नहीं मिलने पर जिलाधिकारी के आदेश पर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम को तैनात किया गया। बचाव अभियान के दौरान धर्मेंद्र और शाहिद के शव बाहर निकाले गये। शकील को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि शकील, कृष्ण अवतार और उसके नौकर सक्षम को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे हैं। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने और प्रभावित लोगों को हर सम्भव मदद देने के निर्देश दिये हैं।

# सड़क हादसे में एक शिक्षिका की मौत, पांच घायल

बांदा, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के चिल्ला क्षेत्र में बुधवार शाम एक तिपहिया वाहन के पलट जाने से एक शिक्षिका की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार शाम छह अध्यापिका एक टेम्पो पर सवार होकर बांदा मुख्यालय जा रही थीं, तभी पलरा गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक से बचने की कोशिश में टेम्पो चालक नियंत्रण खो बैठा और उसका वाहन सड़क किनारे पलट गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में बरेठी कला पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नूतन गुप्ता (40) की मौत हो गयी और पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिल्ला में सहायक अध्यापक मीरा देवी (50), माधवी पांडेय (50), सुनीता मिश्रा (49) और ज्ञानवती (50) तथा टेम्पो चालक अखिलेश (25) घायल हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नूतन गुप्ता का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में हत्या के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के देवाल गांव में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बश्हस्पतिवार को यह जानकारी दी। रामराज थाना के प्रभारी मुकेश सोलंकी ने बताया कि देवेंद्र और सुरेंद्र कुमार को अमशतपाल की हत्या के आरोप में बुधवार शाम को हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान पता चला कि देवेंद्र के अमशतपाल की पत्नी के साथ प्रेम संबंध थे और अमशतपाल ने इसको लेकर आपत्ति जताई थी। पुलिस के मुताबिक, अमशतपाल के परिवार के सदस्यों ने अपनी शिकायत में कहा है कि अमशतपाल 25 अगस्त को देवेंद्र और कुमार के साथ गए थे और फिर घर नहीं लौटे। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद रामराज पुलिस थाना में अमशतपाल की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। बाद में एक नहर में अमशतपाल का शव बरामद हुआ था।

# बांदा में 14 साल की लड़की से सामूहिक बलात्कार

बांदा, (वेबवार्ता)। बांदा जिले के गिरवां क्षेत्र में एक किशोरी से सामूहिक बलात्कार का कथित मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों ने बश्हस्पतिवार को बताया कि गिरवां क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 साल की लड़की से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किये जाने की घटना 26 अगस्त की है, लेकिन परिजनों ने इसकी प्राथमिकी 31 अगस्त को दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि वारदात के समय पीड़िता खेत से अपने घर लौट रही थी, तभी गांव के ही 22–23 साल उम्र के तीन लड़कों ने उससे कथित रूप से बलात्कार किया। सूत्रों ने बताया कि तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। चिकित्सकों के तीन सदस्यीय दल से पीड़िता की जांच करवाई जाएगी।

# एनसीएल से मई माह में सेवानिवृत्त हुए 48 कर्मी

## सभी सेवानिवृत्त कर्मियों का हुआ अभिनंदन

अवध की आवाज ब्यूरो

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से अगस्त माह के अंत में 48 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त कर्मियों में एनसीएल



मुख्यालय से श्री राजेश कुमार सिंह, वरीय प्रबन्धक(उत्खनन), श्री रोशन लाल तिवारी, लेखाकार, ग्रेड ए1, श्री सुख सागर चौबे , चालक, कैट–6 शामिल रहे कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक(तकनीकी/संचालन) डॉ अनिंद्य सिन्हा, निदेशक(वित्त एवं कार्मिक) श्री राम नारायण दुबे, निदेशक(तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) श्री एस एस सिन्हा, मुख्यालय के महाप्रबंधक तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे इस अवसर पर कंपनी के निदेशक(तकनीकी/संचालन) डॉ अनिंद्य सिन्हा ने कहा कि इन अनुभवी कर्मियों का कंपनी की शुरुआत से लेकर आज इस ऊंचाई तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है इनके अनुभव की भरपाई करना कंपनी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होने सेवा निवृत्त कर्मियों की मेहनत,अनुशासन, समर्पण व निष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें जीवन की अगली पारी में सपरिवार आनंदित रहने की शुभकामनायें दीं एनसीएल के निदेशक(वित्त एवं कार्मिक ) आर एन दुबे ने सभी कर्मियों की कर्तव्य निष्ठा व अनुशासन के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने की सराहना की दुबे ने इन अनुभवी कर्मियों को कंपनी की बुनियाद बताते हुए कहा कि ये सभी कंपनी को सफलता के इस मुकाम पर पहुंचाने के कर्णधार हैं। दुबे ने सभी कर्मियों के लिए अगली पारी में स्वस्थ व खुशहाल रहने की कामना करते हुए भविष्य में हर प्रकार की सहायता करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर निदेशक(तकनीकी/ परियोजना एवं योजना),एनसीएल एस एस सिन्हा ने सभी सेवा निवृत्त कर्मियों के सुखद भविष्य की कामना की और सभी से अगली पारी में अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखने का आह्वान किया। श्री सिन्हा ने कहा कि आप सब की मेहनत के बलबूते आज एनसीएल कोल इंडिया की अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित हुई है कार्यक्रम के दौरान सेवा निवृत्त हो रहे सभी कर्मियों ने अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के अनुभवों को साझा किया गौरतलब है कि अगस्त माह में अमलोरी क्षेत्र से नौ , बीना क्षेत्र से चार , केंद्रीय कर्मशाला जयंत से चार दूधीचुआ से छः, जयंत से सात झिंगुरदा से एक , ककरी से तीन खड़िया से एक कृष्णशिला से एक नेहरू से एक तथा निगाही क्षेत्र से आठ कर्मी सेवा निवृत्त हुए एनसीएल के विभिन्न कोयला क्षेत्रों व इकाइयों में सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

# विशेष अभियान में बनेगी बुखार से पीड़ित, कोविड व टीबी के लक्षण वालों की सूची

## कोविड टीकाकरण से वंचित लोगों व नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों की भी तैयार होगी लिस्ट

अवध की आवाज ब्यूरो

हरदोई। बुखार से पीड़ित व्यक्तियों, कोविड तथा क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों तथा 45 साल से अधिक आयु के जिन लोगों ने कोविड की पहली खुराक नहीं ली उनकी पहचान करने और सूची बनाने के लिए सात सितम्बर से 16 सितम्बर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सूर्यमणि त्रिपाठी ने बताया – इस बारे में शासन से निर्देश प्राप्त हो चुका है द्य जनपद में अब तक कुल 13,19,965 लोगों का कोविड टीकाकरण हुआ है जिसमें 11,92,623 लोगों को कोविड के टीके की पहली डोज और 1,27,342 लोगों को दूसरी डोज लगी है। जनपद में 45 साल से अधिक आयु के कुल 9, 23,561 लोगों को टीका लगना है, जिनमे से अब तक कुल 5,94,992 लोगों को कोविड का टीका लग चुका है। इनमें 5,08,823 लोगों को टीके की पहली डोज और 86,169 लोगों को टीके की दूसरी डोज लगी है। चार लाख से अधिक लोगों को टीके की पहली डोज लगनी है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. प्रशांत रंजन ने बताया– नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों की सूची बनायी जाएगी और उनका टीकाकरण किया जायेगा। लोगों को इस बात के लिए जागरूक करना है कि अपना कोविड टीकाकरण अवश्य करायें और टीकाकरण करवाने के बाद भी कोरोना से बचाव के प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। पल्स पोलियो की तर्ज पर जिले के सभी आवासों का गृह भ्रमण कर सूची तैयार की जाएगी। अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की दो सदस्यीय टीम बनायीं जाएगी जो घर – घर जाकर लोगों की सूचना एक निर्धारित प्रारूप में भरेंगी।

टीम के सदस्यों को दो रियूजेबल मास्क ,सेनिटाइजर, पल्स ऑक्सीमीटर और इन्फ्रारेड थर्मामीटर दिए जायेंगे। टीम के द्वारा पल्स पोलियो की तर्ज पर हर घर की दीवार पर भ्रमण का अंकन किया जायेगा। सर्वे के पूरा होने के बाद हर घर पर जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार स्टीकर लगाया जायेगा। सर्वे के दौरान यदि टीम को सीवियर एक्यूट रेस्पिरेट्री इन्फेक्शन ( सारी ) का कोई रोगी मिलता है तो उसकी पल्स ऑक्सीमीटर से तुरंत जांच करने के बाद इसकी सूचना तत्काई प्रभारी चिकित्साधिकारी या जोनल अधिकारी को दी जाएगी। ऐसे रोगियों को तत्काल डेडिकेटेड कोविड क्वेरेंटाईन इकाई में भेजा जाएगा।

# भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष में आर्थिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर वर्ग के हित में बड़ी संख्या में योजनाएं शुरू

अवध की आवाज

उरई (जालौन) जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा अवगत कराया गया है कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष में आर्थिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर वर्ग के हित में बड़ी संख्या में योजनाएं शुरू की गयी हैं। इस संदर्भ में दो योजनाएं एडिप योजना 1983– दिव्यांगजनों के सहायतार्थ निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों (70 प्रकार के) का वितरण हेतु एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना, 2016–बीपीएल श्रेणी के देश के वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था से संबंधित किसी भी प्रकार की दिव्यांगता/ शारीरिक रूप से कमजोर वरिष्ठ नागरिकों को नित्य जीवन सहायक उपकरण (26 प्रकार के) निःशुल्क प्रदान करने हेतु हैं। उक्त के क्रम में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) और मेसर्स कामन सर्विस सेन्टर ई–गवर्नेस सर्विसेज इण्डिया लिमि0 (सी0 एस0 सी0) के मध्य अनुबन्ध किया गया है जिसके अनुसार वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों का पंजीयन ग्राम/ विकास खण्ड/ प्रखण्ड स्तर पर स्थापित जन सेवा केन्द्र सी0 एस0 सी0 के माध्यम से पूर्णतः निशुल्क किया जायेगा। (जिन लाभार्थियों ने 3 वर्षो के दौरान भारत सरकार/ राज्य सरकार या अन्य सामाजिक योजना के अन्तर्गत किसी शासकीय/अशासकीय/ अन्य संस्था से काई उपकरण प्राप्त न किया गया हो) वह इच्छुक वरिष्ठजन एवं दिव्यांगजन अपने निकटतम जन सेवा केन्द्र में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जिसकी प्रक्रिया जनपद के सभी जन सेवा केन्द्रों में दिनांक 18.08.2021 से प्रारम्भ की जा चुकी हैं। लाभार्थी ऑनलाइन पंजीकरण कराने हेतु अपने निकटतम जन सेवा केन्द्र की जानकारी सी0 एस0 सी0 बेवसाइट https:csclocator-com या मोबाइल ऐप https://play-google-com/ store/apps/details\id¾com-csc-csclocator से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने बताया कि पंजीकरण के लिये आवश्यक दस्तावेजों का विवरण, शर्ते एवं पात्रता निम्नवत है राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत इस योजना का लाभ प्राप्त के लिये व्यक्ति को भारत का वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष और उससे अधिक आयु) होना आवश्यक है, पहचान पत्र– आधार कार्ड या आधार कार्ड के लिये आवेदन (आधार नामांकन पावती)। यदि लाभार्थी के पास आधार कार्ड नही है तो पहचान के उद्देश्य के लिये निर्देशित पहचान दस्तावेजों में से काई भी स्वीकार्य हैं, आर्थिक पात्रता– लाभार्थी नीचे वर्णित दस्ता वेजों में से किसी एक की छायाप्रति प्रस्तुत एवं जमा कर सकता है– लाभार्थी के पास पात्रता के लिए प्राधिकरण से प्रमाण पत्र या बीपीएल राशन कार्ड या मनरेगा कार्ड या इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना या राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अथवा राज्य/ केन्द्र शासित प्रदेश की किसी अन्य पेंशन योजना के तहत बी0 पी0 एल0 से संबंधित वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने का प्रमाण पत्र या दिव्यांगता प्रमाण पत्र या बी0 पी0 एल0 श्रेणी के अलावा अन्य वरिष्ठ नागरिक जिनकी सभी स्रोतो से मासिक आय रू0 15000– प्रति माह से कम वह राजस्व विभाग, माननीय सांसद (एम0 पी0) /माननीय विधायक (एम एल ए) एवं ग्राम प्रधान द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। एडिप योजना के अन्तर्गत इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को भारतीय नागरिक होना आवश्यक हैं, पहचान प्रमाण पत्र– आधार कार्ड या मतदाता कार्ड या राशन/ बीपीएल कार्ड या ड्राइविंग लाइसें, दिव्यांगता प्रमाण पत्र– मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र– जिनकी सभी स्रोतो से मासिक आय रू0 15000– प्रति माह से कम हो वह राजस्व विभाग, माननीय सांसद (एम0पी0)/ माननीय विधायक (एमएलए) एवं ग्राम प्रधान द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, दो पासपोर्ट साइज फोटो।

# उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम देश प्रदेश व विश्व के अनेक देशों में सेतुओं के निर्माण में एक प्रतिष्ठित संस्था है

अवध की आवाज

उरई (जालौन) जनपद फिरोजाबाद में उखरेण्ड–भदान मार्ग पर कानपुर– टुण्डला रेल सेक्शन के सम्पार संख्या– 43 पर बना आर0 ओ0 बी0 आम जनता के लिये साबित हो रहा है वरदान उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम देश प्रदेश व विश्व के अनेक देशों में सेतुओं के निर्माण में एक प्रतिष्ठित संस्था है, जिसने देश के विभिन्न राज्यों में अनेक सेतुओं का निर्माण कर नये कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्य सेतु निगम अपनी ख्याति के अनुरूप अभी भी सेतुओं के निर्माण में अग्रणी भूमिका अदा कर रहा है। उ0 प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा जनपद फिरोजाबाद में उखरेण्ड–भदान मार्ग पर कानपुर–टुण्डला रेल सेक्शन के सम्पार संख्या–43 पर बना आर0 ओ0 बी0 आम जनता के लिये वरदान साबित हो रहा है। रू0 45 करोड़ 30 लाख 67 हजार की लागत से पूरी की गयी इस परियोजना की कुल लम्बाई 937.21 मी0 है तथा पहुंच मार्ग की लम्बाई 880.71 मी0 है। जनपद फिरोजाबाके सिरसागंज विधानसभा क्षेत्र में बनाये गये इस 02 लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण की लम्बे समय से जनता द्वारा मांग की जा रही थी। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसके निर्माण की आवश्यकता को गम्भीरता से लेते हुये इसको बनाने के निर्देश दिये और फरवरी 2019 में कार्य प्रारम्भ हुआ। निगम के अधिकारियों द्वारा अनवरत प्रयास करके इसे पूरा किया गया और सर्विस रोड का कार्य भी प्रगति पर है।

# दो पत्रकारों व परिवहन अधिकारी ने मिलकर बुजुर्ग यात्री को गंतव्य तक पहुंचाया

*अवध की आवाज*

*उरई। बुधवार की सुबह एक बुजुर्ग परेशान हालत में युवा पत्रकारों को मिला उन्हें बताया कि वह रोडवेज बस से कानपुर जा रहा था अचानक उसे लघुशंका लगी तो वह कालपी बस स्टैंड पर उतर कर लघुशंका करने लगा। इतने में ही बस कानपुर चली गई। इस पर वह घबरा गया और लोगों से पूछने लगा उसे परेशान हालत में देख कर दो युवा पत्रकारों इबादत अली उर्फ सानू व सुधीर राना ने उनसे परेशानी का कारण पूछा तो बिलखते हुए बुजुर्ग ने बताया कि उसका सामान कानपुर जाने वाली रोडवेज बस में चला गया है। उसने टिकट भी दिखाया लेकिन टिकट में गाड़ी का नंबर नहीं था उसके बाद दोनों युवा पत्रकार उसको लेकर कोच बस स्टैंड स्थित रोडवेज स्टैंड पहुंचे। जहां मौजूद वरिष्ठ लिपिकध्केंद्र प्रभारी भूपेश कुमार दुबे को पूरी बात बताई इसके बाद श्री दुबे ने बस का पता लगवाया और बस के कंडक्टर व ड्राइवर से फोन पर कहा कि कानपुर पहुंचकर इस बुजुर्ग का सामान झकर कटी बस स्टैंड में सुरक्षित रखवा देना इसके बाद श्री दुबे ने कानपुर जा रही दूसरी बस में बुजुर्ग के टिकट के आधार पर दूसरा टिकट बनवा कर कानपुर रवाना कर दिया। कानपुर रवाना होने से पहले बुजुर्ग नवाब शेख अपनी सीट पर बैठे हुए दोनों युवा पत्रकारों और परिवहन अधिकारी को दुआएं दे रहे थे।*

# आर्यावर्त बैंक ने हरौली में शिविर लगाकर चलाया जागरूकता अभियान

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ़, जालौन। आर्यावर्त बैंक की ओर से जागरुकता शिविर का अयोजन किया गया जिसमें जादूगर के माध्यम से लोगों को मनोरंजन कर जागरुक किया गया व बैंक से मिलने वाली मूल सुविधाओं से ग्राहकों में जानकारी उपलब्ध करायी गयी इस दौरान बैंक




मैनेजर संजीव कुमार ने बताया कि बैंक से ग्राहकों के लिये कई मूल सुविधाओं को रखा गया है जिसमें अधिक से अधिक ग्राहक जुड़कर सरकार द्वारा व बैंक द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि बैंक में जानकारी लेने से ग्राहकों को कई फायदे शामिल है जिसमें बैंक लोन , केसीसी , एटीएम , चौकबुक , किसान बीमा योजना , किसान फसल बीमा , व अन्य ऐसी कई योजनाएं बैंक ने संचालित की है जिसमें आप जुड़कर इस सभी योजनाओं का आसानी से लाभ प्राप्त कर सकते है तो वहीं इस दौरान जादूगर राज ने अपने जादूई अंदाज में कई प्रस्तुती के माध्यम से ग्राहकों को समझाने का प्रयास किया व अपने करतव से लोगों को लुभाने का प्रयास किया व जानकारी मुहायै करायी ताकि लोग बैंक से जुड़कर जानकारी लें व लाभ हासिल करें इस मौके पर अनुराग प्रताप सिंह , महेन्द्र प्रताप सिंह , उमा शंकर , राहुल , प्रमोद , दुर्गा सिंह , संजू , दिनेश सिंह , पहलवान सिंह , उमेश सिंह , राजकुमार व अन्य लोग मौजूद रहे ।

## रेल संपत्ति की चोरी करते तीन बाल अपचारी व एक अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं रेलवे सिग्नल केबल की बरामदगी

अवध की आवाज ब्यूरो

गोंडा। बुधवार को उप निरीक्षक राणा प्रताप सिंह, उनि ललितेश कुमार सिंह, कान्स अरशद अली और कान्स बीएन राय सभी रेसुब पोस्ट गोण्डा उनि विमल कुमार सिंह, हेका. श्रीराम सीआईबी गोंडा क्षेत्र में आपराधिक निगरानी कर




रहे थे कि चार व्यक्ति (1) मोटू उत्तर जुम्मन निवासी ग्राम खमौवा थाना देहात कोतवाली बलरामपुर जिला बलरामपुर उम्र 23 वर्ष (2) सलमान पुत्र युसूफ निवासी महारानी गंज घोसियाना थाना नगर कोतवाली जिला गोंडा उम्र 17 वर्ष (3) साहिल पुत्र अली अहमद निवासी मोहल्ला महारानी गंज घोसियाना थाना नगर कोतवाली जिला गोंडा उम्र 16 वर्ष (4) अमित विश्वकर्मा उर्फ पंचू पुत्र श्यामलाल विश्वकर्मा निवासी साहबगंज थाना नगर कोतवाली जिला गोंडा उम्र 16 वर्ष को रेलवे सिग्नल केबल की चोरी करते पाकर गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 4 बण्डलों में कुल 49 मीटर केबल बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत रु10000 है। अभियुक्तगण का अपराधिक इतिहास निम्न वत है।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता बंसल ने की महिला उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई, महिलाओं के लिये कल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी दी जानकारी

### शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश।

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। (सू0वि0) उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता बंसल ने बुधवार को तहसील




सदर के सभागार में महिला उत्पीड़न के मामलों की जनसुनवाई की। उन्होंने पीड़ित महिलाओं को एक एक करके सुना और समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 15 प्रकरण प्राप्त हुए। उन्होंने निराश्रित महिला विधवा पेंशन के 05 लाभार्थियों स्वीकृति प्रमाण–पत्र का वितरण भी किया। 06 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के स्वीकृति प्रमाण–पत्रों का भी वितरण किया। जनसुनवाई करते हुए बंसल ने कहा कि महिलाओं को जागरूक करके महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को कम किया जा सकता है। इसके लिये उन्होंने जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिये। उन्होंने स्वयं भी आयी हुयी महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में जानकारी दी एवं पम्पलेट वितरण भी किया। उन्होंने महिलाओं को अपना फोन नम्बर भी दिया एवं कहा कि शिकायत निस्तारित न होने की दशा में उनके मोबाइल/वाट्सअप पर सम्पर्क कर सकती हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिला अपराधों से सम्बंधित घटनाओं में कड़ी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ उन्होंने एंटी रोमियों स्काट के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्कूलों के पास पेट्रोलिंग बढ़ाये जाने को भी कहा। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं से भी अपील की कि वह स्वयं भी जागरूक हों एवं अन्य को भी जागरूक करें तथा उत्पीड़न की घटनाओं में चुप न रहें और तत्काल महिला हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर अथवा पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकते है। जनसुनवाई के दौरान जिला प्राबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विषय में जानकारी देते हुये सभी से अपील की कि पात्रों को लाभान्वित कराये जाने में अपना सहयोग करें।

# जालौन की महिला चिकित्सालय उरई के प्रांगण से मानद्र सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा जी के मुख्य आथित्य में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत "सुरक्षित जननी विकसित धरनी सप्ताह" का शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई। जालौन शासन के निर्देशानुसार दिनांक 01 सितम्बर 2021 को जनपद जालौन के महिला चिकित्सालय उरई के प्रांगण से मान० सदर विधायक श्री गौरी शंकर वर्मा जी के मुख्य आथित्य में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत "सुरक्षित जननी विकसित धरनी सप्ताह" का शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में कोविड प्रोटोकॉल के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेन्द्र देव शर्मा द्वारा मान० सदर विधायक श्री गौरी शंकर वर्मा जी को बुके भेट कर स्वागत किया गया एवं उपस्थित समस्त लाभार्थियों को मास्क वितरित कर कोविड नियमो का पालन करने हेतु कहा गया ताकि महिला व बच्चा दोनों स्वस्थ रहें मान० सदर विधायक श्री गौरी शंकर वर्मा जी ने कहा कि "आज जरूरत है कि समाज में महिलाओं को अज्ञानता, अशिक्षा, कूपमण्डुकता, संकुचित विचारों और रूढिवादी भावनाओं के गर्त से निकालकर उसमे आर्थिक, सामजिक, शैक्षिक, राजनैतिक चेतना पैदा करने की , जिससे नारी भी पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर समाज को आगे बढाने में सहयोग कर सके अगर नारी स्वस्थ रहेगी तो निश्चित रूप से हमारे घर परिवार के साथ ही हमारा समाज भी स्वस्थ रहेगा उन्होंने कहा कि मान० प्रधानमंत्री जी के पदनाम से संचालित इस योजना से महिलाओं को उनकी गर्भावस्था के समय तीन किस्तों में 5000 रुपये की सहायतार्थ धनराशि प्राप्त हो रही है ये कार्यक्रम अत्यंत महवपूर्ण है सभी पात्र महिलाओ को इस योजना का लाभ लेना चाहिये योजना से लाभान्वित महिलाओ के साथ सेल्फी पॉइंट के सामने सदर विधायक ने सेल्फी भी निकलवाकर महिलाओ व स्वास्थकर्मियों को योजना के प्रति प्रोत्साहित भी किया व भविष्य में किसी भी क्षण आवश्यकता होने पर हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया कार्यक्रम के उपरान्त मान सदर विधायक व मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा योजना के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया डॉ नरेन्द्र देव शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया कि पहली बार गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और पोषण के लिए पूरे देश में चलायी जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को गति प्रदान के लिए एक से सात सितंबर 2021तक मातृ वंदना सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह को एक उत्सव के रूप में मनाने की योजना है, जिसके तहत सप्ताह के हर दिन अलग अलग गतिविधिया आयोजित की जायेंगीं शासन द्वारा इस पखवाड़े कि थीम मातृ शक्ति राष्ट्र शक्ति निर्धारित की गयी है डॉ बीरेंद्र सिंह, जिला नोडल अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत जनपद में अब तक कुल 36011 महिलाओं को योजना से लाभान्वित किया जा चुका है , लाभान्वित महिलाओं के खाते में शासन द्वारा धनराशि रुपया 5000 भेजी जा चुकी है डॉ ए.के. त्रिपाठी, सीएमएस, जिला महिला चिकित्सालय उरई द्वारा अवगत कराया गया कि चिकित्सालय परिसर में प्रधानमन्त्री मातृ वंदना योजना हेल्प डेस्क स्थापित की जा रही है जिससे कि चिकित्सालय परिसर में पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिल सकें कार्यक्रम में योजना से लाभान्वित महिलाओ में श्रीमति पिंकी, श्रीमती मंजू, श्रीमती रीना, श्रीमती आरती श्रीमती रुखसार, आदि के साथ लगभग 50 लाभार्थी, जिला कार्यक्रम सहायक रामकेश कुशवाहा, सुशील मोर्या, अर्वन कोर्डिनेटर, संजीव चंदेरिया एवं कार्यरत आशा, एन.एन.एम, आदि उपस्थित रहे स कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रेम प्रताप सिंह , जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं आगंतुक अतिथियों का आभार, अभिषेक मिश्रा जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना द्वारा किया गया।




# स्वच्छता समिति द्वारा किये गए परीक्षण में गांव के 10 में 8 हैंडपैप का पानी मिला प्रदूषित

### टीम ने गंदगी को बताया प्रमुख कारण दूषित पेयजल से पनपती बीमारी गांवो में सफाईकर्मियों की लापरवाही के चलते पसरी गंदगी

अवध की आवाज ब्यूरो

कदौरा/जालौन। जलजीवन मिशन के अंतर्गत घर घर जल योजना के तहत निगरानी समिति द्वारा गांव के 10 हैंडपेप के जल का परीक्षण किया तो 8 नलों का पानी दूषित पाया गया जिसका प्रमुख कारण शमिति द्वारा गांव में फैली गंदगी जलभराव बताया गया एव कहा कि यदि साफ सफाई पर जोर नही दिया गया तो उक्त जल से जनता में बीमारी पनप सकती है।ज्ञातव्य हो कि घर घर जल मिशन योजना के अंतर्गत विकास खण्ड कदौरा की ग्राम पंचायत परौसा में फाउंडेशन डायरेक्टर द्वारा निगरानी समिति के साथ चयनित टँकी निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जहां अधिक जलभराव के कारण उक्त स्थल को अमनकीय बताते हुए दूसरी जगह बोर के लिए कहा गया वही टीम द्वारा ग्राम पंचायत में लगे 10 हैण्डपम्प के जल का सैम्पल लेकर परीक्षण किया गया जिसमे 8 नलों का पानी प्रदूषित निकला जिससे चिंता जाहिर करते हुए फाउंडेशन डायरेकर देवेन्द्र



कुमार द्वारा कहा गया कि गांव में नलों के आस पास गंदगी व जलभराव के कारण पानी प्रदूषित हो चुका है। वही गठित शमिति द्वारा बताया गया कि गांव में सफाई कर्मियों द्वारा लापरवाही बरतने के कारण जगह जगह गंदगी जमा हो जाती है। जिसके फलस्वरूप पानी प्रदूषित हो रहा है।टीम द्वारा इसकी सूचना खण्ड विकास अधिकारी को अवगत कराने की बात कही गयी।मौके पर अवंतिका गीता शिवराम खुशबू स्वामीदीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आगामी 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस हिन्दी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान के तत्वावधान में समारोह पूर्वक मनाया जाएगा – डॉक्टर सम्राट अशोक मौर्य

अवध की आवाज ब्यूरो

अयोध्या। विगत वर्षों की भाँति इस बार भी आगामी 14 सितम्बर को षहिन्दी दिवसष हिन्दी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान के तत्वावधान में उल्लासपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा।इस अवसर पर आई. टी.



आई.बेनीगंज फैजाबाद अयोध्या के सभागार में आयोजित संगोष्ठी, सम्मान समारोह की तैयारियों कोआज श्रृंगार हाट अयोध्या स्थित रघुनाथ भवन वैद जी के मंदिर में सम्पन्न संस्थान की बैठक में अंतिम रूप दिया गया,तथा कार्यक्रम के सुचारू एवं सफल आयोजन हेतु कई समितियों का गठन किया गया।उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री व बैठक का संचालन कर रहे डॉ0 सम्राट अशोक मौर्य ने बताया कि स्वागत समिति में दिनेश कुमार सिंह वत्स,पवन पाण्डेय, काजल पाठक,डॉ0 सोनी शर्मा,अनिरुद्ध प्रसाद शुक्ल,मीडिया प्रबन्धन समिति में अमरनाथ वर्मा,अनुराग मिश्र, महेंद्र त्रिपाठी, आचार्य स्कन्द दास, जलपान व्यवस्था समिति में अजय कुमार मौर्य, रामजी कुशवाहा, गीतकार अवधराज मौर्य, मंच संचालन समिति में कु.अपूर्वा शुक्ला, दीपचंद्र राही,विंध्यवासिनी शरण पांडिया,शामिल हैं।बैठक में अपने आशीर्वचन देते हुए श्री राम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येन्द्र दास जी ने कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति एवं सभ्यता को संजोकर सुरक्षित रखे हुए है, भारत सरकार को चाहिए मातृभाषा हिन्दी को यथाशीघ्र राष्ट्रभाषा घोषित करे, तभी देश का वास्तविक उत्थान होगा। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे साहित्य प्रेमियों में निखिल पाण्डेय, कविराज दास, आचार्य नारायण मिश्र, महेंद्र उपाध्याय, शैलेन्द्र ठाकुर, विमला पाण्डेय, गीता मिश्रा, लक्ष्मी पाण्डेय, गुड़िया त्रिपाठी, सौरभ शर्मा, म.राम मिलन शरण शास्त्री, राजेश कटियार, धर्मेंद्र गुप्ता, निवास शास्त्री, आदि प्रमुख साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे, बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ वर्मा ने की।

# मनकापुर मैं लेखपाल संघ का चुनाव हुआ संपन्न स्नेह लता बनी अध्यक्ष

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। लेखपाल संघ के तहसील इकाई



मनकापुर का चुनाव हुआ संपन्न अध्यक्ष पद के कुल दो नामांकन हुए जिसमें धर्मेंद्र कुमार कथा स्नेह लता शर्मा ने नामांकन किया लेखपाल स्नेह लता शर्मा ने महिला शक्ति का नारा देते हुए चुनौती चुनौती दिया। उसके बाद मतदान वह मतगणना शांतिपुर तरीके से संपन्न हुआ जिसमें लेखपाल संघ अध्यक्ष पद पर स्नेह लता 31 मत प्राप्त हुए वहीं धर्मेंद्र कुमार पूर्व अध्यक्ष को मात्र 30 मत पाकर संतोष करना पड़ा चुनाव अधिकारी द्वारा अध्यक्ष पद पर स्नेह लता शर्मा को अध्यक्ष हुआ अजय कुमार भारती को मंत्री निर्वाचित घोषित किया गया निर्वाचन अधिकारी जिला मंत्री सिद्धार्थ त्रिवेदी व तहसील मंत्री तरबगंज राम पूजन यादव अजय कुमार प्रिंस मौर्य संगीता बृजेंद्र सक्सेना बृजेंद्र सिंह राजस्व निरीक्षक प्रदीप मिश्रा रामाराम शुक्ला राकेश श्रीवास्तव यदि लोग मतदान से लेकर परिणाम घोषित होने तक मौजूद रहे सभी ने अध्यक्ष चुनी गई स्नेह लता को धन्यवाद भी दिया।

## चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ आरती मोहन का हुआ सम्मान

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर 2021–2022 रोटेरियन मुकेश सिंघल एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष रोटरी क्लब अरुण जैन ने डॉ आरती मोहन को सम्मानित किया। उनका सम्मान चिकित्सा एवं समाजसेवा के के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए किया गया। डॉ आरती मोहन वरिष्ठ होमियोपैथी चिकित्सक है। ग्वालटोली स्थित आरोग्यधाम में हुए सम्मान समारोह में डॉ हेमंत मोहन, रोटेरियन सचिन दीक्षित, समाजसेवी सचिन शुक्ल आदि उपस्थित रहें।



## हाथरस पुलिस ने 27 किलो गांजा के साथ छह तस्कर दबोचे, भेजे जेल

हाथरस (वेबवार्ता)। कोतवाली हाथरस गेट पुलिस व एसओजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुधवार रात को हतीसा पुल के पास से छह गांजा तस्करों को पकड़ लिया। जिनके कब्जे से 727 किलो गांजा व तस्करी में प्रयुक्त एक स्विफ्ट डिजायर कार व ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार गांजे की कीमत करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये है। पुलिस ने आरोपित गांजा तस्करों को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया।

# जुवाड़ी, में जन्माष्टमी झांकियों के समक्ष पूर्णाहुति कर किया विसर्जन

अवध की आवाज ब्यूरो

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। जन्माष्टमी पर्व पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया । श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम विन्ध्यनगर के जुवाड़ी में भी देखने को मिली जहाँ जन्माष्टमी पर्व की धूम जुवाड़ी में बनी रही इस दौरान जुवाड़ी के भक्तजन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव पूरे धूमधाम और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया इस दौरान जुवाड़ी विन्ध्यनगर में मुहल्ले की बाल मंडलियों द्वारा झांकियां सजाई गई थी बुधवार को झांकियों के समक्ष पुनः पूजा–पाठ व पूर्णाहुति की गई तत्पश्चात महाप्रसाद व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इसके बाद सजाई गई झांकियों का विसर्जन जुवाडी वासियों ने पास के स्थित डैम में श्री कृष्ण भगवान की जय के नारे के बीच मूर्ति का विसर्जन एवं झांकियों का विसर्जन किया गया। इस दौरान पंडित संजय शुक्ला ने विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच श्री कृष्णा जन्मोत्सव का पूजन पाठ कराया। वही जजमान बृजेश पांडे सपत्नीक पूजन उत्सव में भाग लिया श्री कृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के बाद बाल मंडलियों ने सुकून के साथ प्रसाद ग्रहण किया



वहां के लोगों ने बताया कि हम सब काफी खुश थे लेकिन कहीं न कहीं मन में यह भी भय था कि कहीं प्रशासन का खलल न पड़े लेकिन सब कुछ ठीक–ठाक रहा और श्री कृष्ण की कृपा रही कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही अच्छी तरह से सफलतापूर्वक समापन हो गया मूर्ति विसर्जन के दौरान डैम के पास बच्चों ने जमकर गुलाल उड़ाया और सूर्यास्त से पहले ही मूर्तियों को विसर्जन समिति के कुछ ही लोगों के द्वारा निर्धारित घाटों में कर दिया गया बता दे कि इस दौरान महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग की भीड़ मूर्ति विसर्जन के दौरान उमड़ पड़ी इसके बाद भजन कीर्तन आदि भी हुए। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भगवान की मूर्ति विसर्जन के दौरान लोगों की आंखे नम हो उठी।

# 'बिग बॉस' विनर सिद्धार्थ शुक्ला की हार्ट अटैक से मौत

मुंबई, (वेबवार्ता)। पॉप्युलर टीवी ऐक्टर और 'बिग बॉस 13' के विनर रहे सिद्धार्थ शुक्ला की मौत हो गई है। सिद्धार्थ को हार्ट अटैक आया था। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ शुक्ला ने रात को सोने से अभी जानकारी मिली है कि मौत हुई है और बॉडी को कूपर हॉस्पिटल लाया गया है। लेकिन मौत कैसे हुई है, ये अभी कहना मुश्किल है। मेडिकल और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और सिद्धार्थ के साथ रहने वालों



पहले दवाई खाई थी। लेकिन दवाई कौन सी ली थी, इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। दवाई लेने के बाद सिद्धार्थ सुबह सोकर नहीं उठ पाए। एक रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धार्थ शुक्ला की डेड बॉडी फिलहाल मुंबई के कूपर अस्पताल में है। बताया जा रहा है कि पोस्टमॉर्टम वहीं पर किया जाएगा। अस्पताल ने पुष्टि की है कि सिद्धार्थ शुक्ला की मौत हार्ट अटैक से हुई है। वहीं, डीसीपी के मुताबिक उन्हें के बयान भी लिये जाएंगे,उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। सिद्धार्थ शुक्ला की मौत की खबर से पूरी इंडस्ट्री को शॉक लगा है। वह हाल ही शहनाज गिल के साथ 'बिग बॉस ओटीटी' में भी नजर आए थे। सिद्धार्थ शुक्ला ने साल 2008 में टीवी शो 'बाबुल का आंगन छूटे ना' से करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंनें 'जाने पहचाने से अजनबी', 'सीआईडी', 'बालिका वधू' और 'लव यू जिंदगी' जैसे टीवी शोज और कई रियलिटी शोज में नजर आए। 'बिग बॉस 13' में सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल की जोड़ी को बहुत पसंद किया गया था। फैन्स उन्हें प्यार से 'सिडनाज' बुलाते थे और इस इंतजार में थे कि वो स्क्रीन पर साथ में कब नजर आएंगे। इस शो की बाद सिद्धार्थ की पॉप्युलैरिटी में गजब का इजाफा हुआ था। वह फैन्स के लिए भी बड़े दिलवाले थे और कई बार उनकी मदद भी कर चुके थे। सिद्धार्थ शुक्ला ने 'हंप्टी शर्मा की दुलहनिया' फिल्म में भी काम किया था। 'बिग बॉस' में कंटेस्टेंट रहीं सना खान, सिद्धार्थ शुक्ला की मौत की खबर सुनकर बिलख–बिलखकर रो पड़ीं। उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि सिद्धार्थ के साथ ऐसा कुछ हो गया। वहीं सिद्धार्थ शुक्ला के जीजाजी और बहन कूपर अस्पताल पहुंच चुके हैं।

# बांग्लादेश की अभिनेत्री पोरी मोनी जमानत पर रिहा, हाईकोर्ट ने कई रिमांड देने की निंदा की

ढाका, (वेबवार्ता)। बांग्लादेश की लोकप्रिय अभिनेत्री पोरी मोनी को 50,000 टका के मुचलके पर जमानत मिलने के एक दिन बाद बुधवार को 27 दिन जेल से रिहा कर दिया गया। याचिका दायर करने के 21 दिन बाद उनकी जमानत हुई। सुप्रीम कोर्ट की उच्च न्यायालय की पीठ ने नारकोटिक्स कंट्रोल एक्ट के तहत एक मामले में अभिनेत्री के कई रिमांड देने में निचली अदालत के न्यायाधीशों की भूमिका की कड़ी निंदा की। निचली अदालतों के रिमांड आदेशों की अपनी टिप्पणियों में, न्यायमूर्ति मुस्तफा जमान इस्लाम और न्यायमूर्ति के.एम. जाहिद सरवर ने कहा, यह किसी भी सभ्य समाज में नहीं हो सकता। रिमांड एक असाधारण मामला है। जांच अधिकारी ने रिमांड याचिकाओं के साथ क्या सबूत पेश किए और अदालत ने रिमांड क्यों दिया, इसकी जांच की जानी चाहिए। 27 दिन कैद में पोरी मोनी ने सात दिन रिमांड पर बिताए। बुधवार को जेल से बाहर आने के बाद मुस्कुराती हुई पोरी मोनी सेल्फी लेने में व्यस्त थीं। उन्होंने मेहंदी के साथ उकेरे गए शब्दों और प्रतीकों को प्रदर्शित करते हुए एक खुली हथेली की सलामी भी दी। पोरी मोनी के खिलाफ नियमित रूप से रसदार गपशप प्रकाशित होने के साथ, 25 अगस्त को एक वकील द्वारा एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें उच्च न्यायालय से सरकार को उन रिपोटरें, वीडियो और तस्वीरों को हटाने का निर्देश देने की मांग की गई थी, जो उनके लिए अपमानजनक और चरित्र हनन थीं। इससे पहले 21 अगस्त को पोरी मोनी ने ओपन कोर्ट में अपने वकीलों से तीसरी रिमांड खत्म होने के बाद एक और जमानत याचिका दाखिल करने की गुहार लगाई थी। उन्होंने कहा, कोई मेरी जमानत के लिए गुहार क्यों नहीं लगाता? मैं अपना विवेक खो दूंगीकृ कृपया मेरी जमानत के लिए याचना करें। उसी सुनवाई में, पोरी मोनी के वकीलों ने अदालत से उन्हें अभिनेता से बात करने की अनुमति देने का आग्रह किया, लेकिन ढाका अदालत ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। 26 अगस्त को, उच्च न्यायालय ने एक आदेश जारी किया, जिसमें स्पष्टीकरण मांगा गया था कि याचिका दायर करने के 21 दिन बाद निचली अदालत ने पोरी मोनी की अन्य जमानत याचिका पर सुनवाई क्यों की, इस देरी को



आरोपी के अधिकारों को कम करने के रूप में बताया। बाद में ऐन ओ सालिश केंद्र पोरी मोनी के पास खड़ा हो गया और पोरी मोनी के खिलाफ कई बार रिमांड आदेश की वैधता पर सवाल उठाया, और उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत सिर्फ इसलिए रिमांड नहीं दे सकती, क्योंकि उसे ऐसा करने के लिए कहा गया था। शमसुन्नहर स्मृति उर्फ पोरी मोनी को 4 अगस्त को रैपिड एक्शन बटालियन द्वारा छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया था, और चार दिन की रिमांड की समाप्ति के बाद ढाका में एक मजिस्ट्रेट अदालत में लाया गया था।

# 'म्यूजिक स्कूल' में काम करेंगे शरमन जोशी

मुंबई मुंबई, (वेबवार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता शरमन जोशी फिल्म 'म्यूजिक स्कूल' में श्रिया सरन के साथ काम करते नजर आयेंगे। यामिनी फिल्म्स बैनर तले बनने वाली फिल्म 'म्यूजिक स्कूल' शिक्षा प्रणाली के दबाव के बारे में है जिसमें बच्चों को समीकरण रटवा कर उन्हें केवल डॉक्टर और इंजीनियर बनने का लक्ष्य सौंपा जाता है और इसमें खेल और कला के लिए पर्याप्त समय तक नहीं दिया जाता। इलैयाराजा द्वारा संगीतबद्ध किए गए इस म्यूजिकल को ब्रॉडवे के कोरियोग्राफर एडम मरी कोरियोग्राफ करेंगे। पापा राव बियाला द्वारा लिखित और निर्देशित, इस म्यूजिकल में शरमन जोशी, श्रिया सरन, सुहासिनी मुले, बेंजामिन गिलानी, प्रकाश राज, तेलुगु कॉमेडियन ब्रह्मानंदम, विनय वर्मा, ग्रेसी गोस्वामी और ओजू बरुआ नजर आयेंगे। शरमन जोशी ने कहा, "मुझे पापा राव की म्यूजिकल स्कूल का हिस्सा बनकर बेहद खुशी हो रही है। यह मेरी पहली बहुभाषी फिल्म है। इलैयाराजा के साथ पहली बार काम करने के लिए मैं उत्साहित हूं। मैं इस परियोजना का हिस्सा



बनने के लिए उत्साहित और खुश हूं। मैं श्रिया के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं, जिन्हें मैं व्यक्तिगतरूप से जानता हूं। मुझे इस शानदार सफर के शुरू होने का इंतजार है। यह बहुत सारी भावनाओं के साथ एक अनूठा म्यूजिकल है। श्रिया सरन ने कहा, "यह एक सपना सच होने समान है। इलैयाराजा हमेशा से हम सभी के प्रेरणास्रोत रहे हैं। लंदन के इतने बड़े कोरियोग्राफर के साथ काम करना फिर से एक सपना साकार होने जैसा है। मैं जब भी लंदन जाती हूं मैं सबसे पाले सारे म्यूजिकल्स देखती हूं। मेरी दुआ कुबूल हुई। मैं एक कथक डांसर हूं और एक नया डांस फॉर्म सीखना रोमांचकारी होगा। मैं सचमुच इसके लिए तत्पर हूं। ऐसा लगता है जैसे मैं अपना सपना जी रही हूं। मैं बहुत धन्य और आभारी हूं।

# शुरुआती कारोबार में ही फिर उछला सेंसेक्स, तेजी से बढ़ रहा 58,000 की ओर

मुंबई, (वेबवार्ता)। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी कोषों के निरंतर प्रवाह के बीच, टीसीएस, एचयूएल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बढ़त के सहारे बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 150 अंक से ज्यादा की उछाल आयी। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 152.30 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,490.51 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, व्यापक एनएसई निफ्टी शुरुआती सत्र में 46.85 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 17,123.10 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में डॉ रेड्डीज के शेयर में सबसे ज्यादा दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त देखी गयी। इसके बाद टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. (एचयूएल), एलएंडटी और टाटा स्टील के शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गयी। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, बजाज ऑटो, एचसीएल टेक, मारुति और पावरग्रिड के शेयरों को नुकसान हुआ।

पिछले सत्र में, बीएसई सूचकांक 214.18 अंक या 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,338.21 पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी लगातार सात दिन की तेजी के बाद 55.95 अंक या 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,076.25 पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध खरीदार थे। अस्थायी विनिमय आंकड़ों के अनुसार उन्होंने बुधवार को 666.66 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत गिरकर 71.31 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# राज्य सभा के पूर्व सदस्य चंदन मित्रा का निधन

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद एवं अनुभवी पत्रकार चंदन मित्रा का 65 की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे कुशन मित्रा ने बशहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वह 'पायनियर' समाचार–पत्र के संपादक थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्रकार को उनकी बुद्धिमता एवं पारखी नजरों के लिए याद किया और उनके निधन पर शोक प्रकट किया। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, "श्री चंदन मित्रा जी को उनकी बुद्धिमता एवं परख के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने मीडिया जगत के साथ–साथ राजनीति में खुद की पहचान बनाई। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार एवं प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।" कुशन मित्रा ने कहा कि उनके पिता पिछले कुछ वक्त से बीमार थे। उन्होंने ट्वीट किया, "मेरे पिता जी का कल देर रात निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से कष्ट में थे।" इस संबंध में अन्य ब्योरों की प्रतीक्षा की जा रही है। राज्य सभा के पूर्व सदस्य को भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी का करीबी माना जाता था। भाजपा सांसद स्वपन दासगुप्ता ने मित्रा के साथ 1972 की एक तस्वीर पोस्ट की और कामना की कि उनका दोस्त जहां भी रहे, खुश रहे। उन्होंने ट्वीट किया, "मैंने अपने करीबी मित्र–पायनियर के संपादक एवं पूर्व सांसद चंदन मित्रा को आज सुबह खो दिया। हम ला मार्टिनियर के विद्यार्थियों के तौर पर एक साथ थे और सेंट स्टीफंस और ऑक्सफोर्ड गए थे। हमने एक ही वक्त पर पत्रकारिता शुरू की थी और अयोध्या एवं भगवा लहर के उत्साह को साथ में महसूस किया था।" दासगुप्ता ने कहा, "मैं 1972 की एक स्कूल यात्रा के दौरान की अपनी और चंदन मित्रा की तस्वीर पोस्ट कर रहा हूं। मेरे प्रिय मित्र जहां भी रहो, खुश रहो। ओम शांति।"

# शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे चढ़कर ७३.०२ पर पहुंचा

मुंबई, (वेबवार्ता)। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख और विदेशी कोषों के निरंतर प्रवाह के साथ भारतीय रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे चढ़कर 73.02 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 73.04 पर खुला, इसके बाद ऊपर चढ़कर 73.02 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले छह पैसे की बढ़त को दर्शाता है। शुरुआती सौदों में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले नीचे गिरकर 73.10 पर भी पहुंच गया था। रुपया पिछले सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 73.08 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत बढ़कर 92.52 पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध खरीदार थे। अस्थायी विनिमय आंकड़ों के अनुसार उन्होंने बुधवार को 666.66 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 143.94 अंक या 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,482.15 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, व्यापक एनएसई निफ्टी शुरुआती सत्र में 40.30 अंक या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 17,116.55 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.27 प्रतिशत फिसलकर 71.40 डॉलर प्रति बैरल पर था।

# राजस्थान में कैबिनेट विस्तार का रास्ता हुआ साफ

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। सचिन पायलट के नेतश्त्व वाले विद्रोह के एक साल बाद, राजस्थान में कांग्रेस ने कैबिनेट विस्तार के लिए रास्ता साफ कर दिया है।

सूत्रों का कहना है कि पायलट कैंप से करीब पांच को कैबिनेट में जगह दी जाएगी, साथ ही बोर्ड और निगम के अध्यक्ष के पदों पर भी नियुक्ति को अंतिम रूप दे दिया गया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण दिल्ली नहीं आ सके। अब जब वह काम पर लौट आए हैं, तो चीजों को व्यवस्थित करने में एक और सप्ताह लग सकता है।

सचिन पायलट ने बुधवार को बेंगलुरु में संभावित विस्तार पर संकेत दिया और कहा कि कांग्रेस नेतश्त्व मुख्यमंत्री के साथ इस मुद्दे पर चर्चा कर रहा है, लेकिन हमारा लक्ष्य 2023 में कांग्रेस को वापस लाना है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा और घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करना होगा।

कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि सौहार्दपूर्ण स्थिति हासिल कर ली गई है और दोनों खेमे एक सहमत फॉमूर्ले पर आ गए हैं, जो आसान नहीं था क्योंकि कांग्रेस नेतश्त्व पिछले साल से सौहार्दपूर्ण समझौते की कोशिश कर रहा था।

राजस्थान में पार्टी के प्रभारी महासचिव अजय माकन ने राज्य में कैबिनेट विस्तार की संभावना के बारे में उन्हें भेजे गए संदेशों का कोई जवाब नहीं दिया। पार्टी आलाकमान ने मिडिएटर के जरिए दोनों गुटों से बात की थी और सोनिया गांधी ने दोनों नेताओं के बीच गतिरोध खत्म करने के लिए कांग्रेस की हरियाणा इकाई की प्रमुख कुमारी शैलजा को भी भेजा था।

सूत्रों का कहना है कि गहलोत कैबिनेट विस्तार के इच्छुक हैं, वहीं आलाकमान कैबिनेट में फेरबदल चाहता है। राजस्थान में गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के नेतश्त्व में दो कांग्रेस समूहों के बीच तनातनी जारी है, क्योंकि पायलट खेमा जोर देकर कहता है कि पिछले साल उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को अभी तक पार्टी में हल नहीं किया गया है। माकन ने 30 जुलाई को सभी 115 कांग्रेस विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ आमने–सामने बातचीत करने के बाद कहा था कि कुछ मंत्रियों ने इस्तीफा देने और पार्टी के लिए काम करने की इच्छा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कैबिनेट पदों को छोड़कर संगठन के लिए काम करना चाहते हैं। हमें ऐसे लोगों पर गर्व है। माकन के विधायकों से मिले एक महीना बीत चुका है और अब उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ से माकन के लौटने के बाद चीजें तेजी से आगे बढ़ेंगी, जहां वह 3 सितंबर को संपत्ति मुद्रीकरण पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने वाले हैं।

# किसानों से गन्ना खरीद की कीमत बढ़ाएं : प्रियंका गांधी ने सरकार से कहा

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने किसानों से गन्ने की खरीद का मूल्य बढ़ाने का सरकार से आग्रह करते हुए बशहस्पतिवार को कहा कि पिछले तीन वर्षों में इन कीमतों में कोई वशद्धि नहीं हुई है जबकि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतें तीन–चार महीनों में 60 से 70 बार बढ़ चुकी हैं। प्रियंका गांधी ने हैशटैग 'महंगे दिन' और 'गन्ने के दाम बढ़ाओ' के साथ ट्वीट किया, "लेकिन तीन वर्षों से किसानों के लिए गन्ने की कीमतें नहीं बढ़ीं।" कांग्रेस नेता ने पिछले हफ्ते भी यह मुद्दा उठाया था और



लगातार बढ़ रही हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार हर महीने एलपीजी के दाम बढ़ा रही है और पेट्रोल एवं डीजल की कहा था कि किसानों के लिए डीजल एवं बिजली की कीमतों में नियमित बढ़ोत्तरी के बावजूद गन्ने की कीमत में पिछले तीन वर्षों में कोई वशद्धि नहीं की गई है।

# सभी हमारी टीम को हराना चाहते हैं : कोहली

लंदन, (वेबवार्ता)। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ उनका रिश्ता आपसी सम्मान और विश्वास पर आधारित है जिससे उन्हें ऐसी टीम तैयार करने में मदद मिली जिसे सभी हराना चाहते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू हो रहे चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर कोहली और टीम के उनके साथियों की मौजूदगी में यहां ताज होटल में सदस्यों के लिए नए एक्सक्लूसिव क्लब 'द चौंबर्स' का उद्घाटन किया गया। कोहली ने कहा, ''हमारा काम का रिश्ता और मैदान के बाहर भी, आपसी सम्मान और विश्वास पर बना है, एक समान विजन जो हम साझा करते हैं, जिसका एक ही लक्ष्य है, भारतीय क्रिकेट को हमें जैसा मिला उससे ऊंची और बेहतर जगह पर ले जाना।''

उन्होंने कहा, ''हमेशा यही हमारा लक्ष्य था और मुझे लगता है कि पूरी टीम के शानदार खेल से, हमारे पास जो प्रतिभा थी उसकी बदौलत हम इसे हासिल करने में सफल रहे हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, ''हम एक ऐसी टीम के रूप में खड़े हैं जिसे दुनिया भर में हर जगह टीमें हराना चाहती है और यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है। इसी दौरान विशेष 'रोंदेवू सीरीज' का ब्रिटेन में विमोचन किया गया जो लेखक के रूप में 'स्टारगेजिंगः द प्लेयर्स इन माइ



लाइफ' के साथ शास्त्री का पदार्पण है। कोहली ने कहा, ''यह उनकी पहली किताब है और उम्मीद करती हूं कि वह कुछ और लिखेंगे क्योंकि उनके पास साझा करने के लिए काफी कुछ है। नई किताब को लेकर बातचीत के बीच जब शास्त्री से 1–1 से बराबर चल रही मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अंतिम दो मैच रोमांचक होंगे। शास्त्री ने कहा, ''जब आपकी और कप्तान की राय समान होती है तो चीजें काफी आसान हो जाती हैं और हमारे अधिकांश खिलाड़ियों की राय समान होती है। उन्होंने कहा, ''हमारा विचार खेल को आगे बढ़ाना और जीतना है। हम संख्या बढ़ाने यहां नहीं आए हैं, हम यहां सकारात्मक क्रिकेट खेलने और जीतने आए हैं। शास्त्री ने कहा, ''यह रोमांचक श्रृंखला रही है, इसे ऐसा ही होना चाहिए और मुझे लगता है कि अगले कुछ हफ्तों में यह और अधिक रोमांचक होगी।

# अफगानिस्तान से महिला फुटबॉल टीम को निकालने के प्रयास जारी

काबुल, (वेबवार्ता)। अफगानिस्तान में महिला फुटबॉल टीम की सदस्यों को तालिबान से अपनी जान बचाने के लिए बार–बार अपना स्थान बदलना पड़ रहा है। हालांकि, उन्हें और उनके परिवार को वहां से निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास जारी हैं।

अफगान राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की इन सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों तथा फुटबॉल फेडरेशन के कर्मचारियों को अफगानिस्तान से बाहर निकालने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को पिछले सप्ताह तब गहरा झटका लगा था जब काबुल हवाई अड्डे पर एक आत्मघाती हमला हुआ जिसमें 13 अमेरिकी सैनिक और 169 अफगान नागरिक मारे गए थे। अब इन लोगों को इस बात की चिंता है कि क्या वे लोग अफगानिस्तान से सुरक्षित बाहर निकल पाएंगे ?

अमेरिकी कांग्रेस के पूर्व 'चीफ ऑफ स्टाफ' तथा तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल के दौरान व्हाइट हाउस के अधिकारी के पद पर सेवाएं दे चुके रॉबर्ट मैकक्रेरी ने बताया कि वे अविश्वसनीय युवा महिलाएं हैं जिन्हें खेल के मैदान पर होना चाहिए था, लेकिन इस खेल के कारण ही वह एक बेहद बुरी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, ''हमें उन्हें बचाने, वहां से सुरक्षित निकालने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।''

अफगान महिला टीम का गठन 2007 में किया गया था और उसके अधिकतर सदस्य पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए थे।

कनाडा में रहने वाली अफगानिस्तान महिला राष्ट्रीय टीम की कप्तान फरखुंडा मुहताज ने कहा '' लेकिन 14 से 16 वर्षीय लड़कियों और उनके परिवार को अब भी तालिबान निशाना बना सकता है। सिर्फ इसलिए नहीं कि तालिबान के शासन में महिलाओं तथा लड़कियों को खेल खेलने से मना किया जाता है, बल्कि इसलिए भी कि वे लड़कियों के अधिकारों की पैरोकार और उनके समुदायों की सक्रिय सदस्य थीं। मुहताज लगातार उन लड़कियों के सम्पर्क में है और उनसे संयम रखने को कहती हैं। उन्होंने कहा, '' वे परेशान हैं। जिस स्थिति में वे हैं उससे वे नाउम्मीद हैं।''

मैकक्रेरी ने कहा कि मिशन 'ऑपरेशन सॉकर बॉल्स' अन्य देशों के साथ मिलकर इस उम्मीद में जारी है, कि लड़कियों को सुरक्षित अमेरिका लाया जाएगा । उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और कतर ने मदद करने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने साथ ही तालिबान से भी समूह को बाहर निकलने की राह आसान करने की अपील की, जिससे सद्भावना उत्पन्न होगी।

# मर्तोलिया फिल्म्स के नई मूवी में नजर आएंगी एक्टर मानसी शर्मा

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। मर्तोलिया फिल्म्स की दो फिल्म रेप और रिक्शावाला की अपार सफलता के बाद फिल्म प्रड्यूसर विजय सिंह मर्तोलिया आने वाली नई मूवी के लिए एक्टर सेलेक्ट करने गए देहरादून में एक्टर मानसी शर्मा से मुलाकात की और अपनी आने वाली नई मूवी के लिए एक्टर मानसी शर्मा को सिलेक्ट किया बहुत जल्द मर्तोलिया फिल्म्स के नई मूवी में नजर आएंगी मानसी शर्मा। एक्टर मानसी शर्मा इससे पहले भी कई मूवी में काम कर चुकी है। और कई एल्बम में काम कर चुकी है उत्तराखंड की फेमस एक्टरों में मानसी शर्मा की गिनती होती है। वही एक्टर मानसी शर्मा ने कहा कि मर्तोलिया फिल्म में काम करना मेरे लिए किसी अवार्ड से कम नहीं है। मर्तोलिया फिल्म्स की स्टोरी आम आदमी के जीवन की कहानी होती है।



# महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख का वकील गिरफ्तार

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के पूर्व गशह मंत्री अनिल देशमुख के वकील आनंद डागा को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि वकील पर देशमुख के खिलाफ जारी जांच को बाधित करने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि डागा को मुंबई से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया है जहां उन्हें यथोचित अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com

R.N.I.- UPHIN/2012/45127

नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।